# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

## FINAL EXAMINATION 2024-25

**CLASS-VII** **SUBJECT- HINDI (2nd LANG.)** **MAX. MARKS: 80**

**Date: 04-03-2025** **SET: ONE** **Time: 3 hours**

***General Instructions:***

1. ***All questions are compulsory.***
2. ***The question paper consists of 12 questions divided into 4 Sections.***
3. ***There is no overall choice. However, internal choices have been provided.***
4. ***This question paper consists of 4 printed pages.***

## खंड–क

**प्र.1-अ-** निर्देश- अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए|

भारत में महानगरों का जीवन बहुत जटिल है। वहाँ के निवासियों को अपने काम काज के लिए रोज़ लंबी दूरियाँ तय करनी पड़ती हैं। जिससे उनका घंटों-घंटों का समय बरबाद होता है| इससे बचने के लिए मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई| मेट्रो ट्रेन लोगों को सफर करने के लिए अत्याधुनिक साधन है। भारत की पहली मेट्रो ट्रेन 24 अक्तूबर, 1984 को कोलकाता में चली थी। दिल्ली की जनसंख्या को देखकर वहाँ आधुनिक सुविधाओं से पूर्ण मेट्रो ट्रेन का विस्तार बहुत तेजी से किया गया| लोगों को इसकी सुविधा मिलने पर धन, समय, और श्रम की बचत होने लगी। इसकी वज़ह से सड़क यातायात कम हो गया। देश में आधुनिक मेट्रो ट्रेन की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी ने 24 दिसंबर 2002 को की थी। मेट्रो ट्रेन महानगरों के यातायात का तीव्रतम साधन है| इसके मार्ग सुरक्षित तथा अबाधित हैं| इनके मार्ग में कहीं कोई रेलवे फाटक या अन्य अवरोध नहीं आता। यह आधुनिक सुख-सुविधा से युक्त है। मेट्रो ट्रेन के अंदर पूर्ण रूप से साफ-सफाई की जाती है। इसमें सी.सी.टी.वी कैमरे होते हैं। यह पूरी तरह से वातानुकूलित होती है। इस तरह से यात्रियों की सुरक्षा का पूरा इंतजाम होता है। बस की तरह धूल और भीड़ नहीं होती। मेट्रो अन्य वाहनों से सस्ती पड़ती है। इसमें सभी आसानी से सफर कर पाते हैं। इस ट्रेन से सफर करने वालों को टोकन या स्मार्ट कार्ड का प्रयोग करना पड़ता है। अब भारत में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई आदि महानगरों में मेट्रो ट्रेन चलती हैं।

क- भारत में सबसे पहले मेट्रो ट्रेन की शुरुआत कहाँ हुई थी? 1

*मुंबई *बेंगलुरु *दिल्ली *कोलकाता

ख- आधुनिक मेट्रो ट्रेन की शुरुआत किसने की थी? 1

*मोदी जी ने *अटल जी ने *लालू जी ने *गोयल जी ने

ग- आधुनिक मेट्रो ट्रेन की शुरुआत कब हुई थी? 1

*2002 *2012 *2022 *2022

घ- आधुनिक मेट्रो ट्रेन में क्या-क्या सुख-सुविधाएँ हैं? 2

ङ- आधुनिक मेट्रो ट्रेन अब किन-किन बड़े शहरों में चल रही हैं? 2

**प्र.1-आ-** निर्देश- अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए|

एक बार गर्मी के मौसम दोपहर के समय एक प्यासा कौआ पानी की खोज में जगह-जगह भटक रहा था। बहुत प्रयास के बाद भी उसे कहीं भी पानी नहीं मिल रहा था। ऐसे में उसकी प्यास बढ़ने लगी और उसको लगने लगा कि वह अब जीवित नहीं रह पाएगा। आख़िरकार उसे दूर एक घड़ा दिखाई दिया। अपनी बची हुई हिम्मत को जुटाकर कौआ उत्साहित होकर घड़े के पास पहुँचा। घड़े में बहुत कम पानी होने के कारण उसकी चोंच नीचे नहीं पहुँची| इसलिए पानी न पी सकने के कारण वह निराश हो गया| उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? इसी सोच में डूबे हुए उसकी नजर पास में पड़े कंकड़ों पर पड़ी और तभी उसके दिमाग में एक उपाय सूझी। बिना किसी देर के कौआ कंकड़ों के ढेर के पास पहुँचा और वह एक-एक कर के कंकड़ घड़े में डालने लगा| कौवे के निरंतर प्रयास के बाद जब पानी ऊपर आ गया और उसकी चोंच पानी तक पहुँच गयी| इस तरह कौवे ने अपनी प्यास बुझाई और खुशी-खुशी वहाँ से उड़ गया।

शिक्षा- इस कहानी से सीख मिलती है कि हमें कठिन परिस्थिति में भी कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और लगातार प्रयास करते रहना चाहिए, सफलता जरूर हासिल होती है।

**क-** कौन पानी की खोज में जगह-जगह भटक रहा था? 1

*कबूतर *कौआ *घड़ा *शेर

**ख-** आख़िरकार कौवे को क्या दिखाई दिया? 1

*घड़ा *नदी *समुद्र *कुआँ

**ग-** कौआ शुरू में घड़े से पानी क्यों नहीं पी सका? 1

*घड़े में पानी नहीं था *घड़े से पानी गिर गया *घड़े में पानी कम था * घड़ा टूट गया

**घ-** कौवे के निरंतर प्रयास के बाद के बाद क्या हुआ? 2

**च-** इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है? 2

## खंड–ख

**प्र.2-अ-** किन्हीं दो शब्दों के **दो-दो पर्यायवाची** शब्द लिखिए- दूध , माथा , कृष्ण 2

**ब-** किन्हीं दो उपसर्गों से **दो-दो** शब्द बनाकर लिखिए- पर , भर , उन 2

**स-** किन्हीं दो प्रत्ययों से **दो-दो** शब्द बनाकर लिखिए- इका, हार , इत 2

**द-** किन्हीं चार शब्दों के **विलोम** शब्द लिखिए- अनाथ, अल्पायु, बाढ़, पंडित, मूक 2

**प्र.3-अ-** दिए गए वाक्यों में से **क्रिया** चुनकर लिखिए| 2

**क-** अंकिता चाय बना रही है। **ख-** साक्षी ने कल एक सुविचार लिखा।

**ब-** दिए गए वाक्यों में से **कारक** चुनकर लिखिए| 2

**क-** पुष्पा ने रीमा को पत्र लिखा| **ख-** माँ बच्चों के लिए बाज़ार से खाना लाई |

**स-** दिए गए वाक्यों में से **विशेषण** चुनकर लिखिए| 2

**क-** मनोहर के घर सफेद गाय है| **ख-** लोमड़ी बहुत चतुर है|

**प्र.4-अ-** किन्हीं **दो वाक्यांशों** के लिए एक-एक शब्द लिखिए- 2

**क-** जो कड़वे वचन बोलता हो **ख-** सब कुछ जानने वाला **ग-** स्वयं सेवा करने वाला

**आ-** किन्हीं **दो मुहावरों** से उचित वाक्य बनाकर लिखिए- 2

**क-** नौ दो ग्यारह होना **ख-** चैन आना **ग-** दूध-घी की नदियाँ बहना

## खंड-ग

**प्र.5-** दिए गए पद के आधार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 3

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब मुडेरे पर था खड़ा||
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा||

**क-** कौन घमंड से भरा हुआ था?

*गायक *कवि *चित्रकार *अभिनेता

**ख-** वह कहाँ खड़ा था?

*कमरे में *मैदान में *मुडेर पर *दुकान में

**ग-** उसकी आँख में क्या गिर पड़ा?

*कंकड़ *केश *तिनका *जल

**प्र.6-** दिए गए पद के आधार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 3

"मैं यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ने देने वाली हूँ|" उसने बताया|

जब तोत्तो-चान स्कूल पहुँची तो रेल-पास उसके गले के आसपास हवा में उड़ रहा था| यासुकी-चान उसे मैंदान में क्यारियों के पास मिला| गरमी की छुट्टियों के कारण सब सूना पड़ा था| यासुकी-चान उससे कुल जमा एक ही वर्ष बड़ा था, पर तोत्तो-चान को वह अपने से बहुत बड़ा लगता था|

**क-** यासुकी-चान को किसने अपने पेड़ पर चढ़ने का न्योता दिया था?

*माली ने *तोत्तो-चान ने *बासुकी-चान ने *सत्तो-चान ने

**ख-** तोत्तो-चान किस साधन से स्कूल पहुँची थी?

*बस से *कार से *रेलगाड़ी से *बैलगाड़ी से

**ग-** यासुकी-चान तोत्तो-चान से कितना बड़ा था?

*दो वर्ष *तीन वर्ष *चार वर्ष *एक वर्ष

**प्र.7-** किन्हीं छः (6) प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए| 6

**क-** कठपुतली कहाँ खड़ा होना चाहती थी?

**ख-** यासुकी-चान पेड़ पर क्यों नहीं चढ़ पाता था?

**ग-** लोग सगे–संबंधी कब बन जाते हैं?

**घ-** लोगों ने कवि की आँख से तिनका कैसे निकाला?

**ङ-** दक्षिण भारत का मुख्य व्यंजन क्या है?

**च-** लेखिका ने मोर-मोरनी को कितने रूपए में ख़रीदा था?

**छ-** मीरा को किसके आने का आभास होता है?

**प्र.8-** किन्हीं छः (6) प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए| 12

**क.** पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगीं?

**ख.** तोत्तो-चान किस उद्देश्य से घर से निकली थी?

**ग.** सच्चे मित्र की क्या विशेषता होती है?

**घ.** तिनका आँख में गिरने के कारण कवि की क्या दशा हुई थी?

**ङ.** देश में खानपान की संस्कृति में बदलाव के मुख्य कारण क्या हैं?

**च.** मोर–मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?

**छ.** मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?

**प्र.9-** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए| 9

**क.** कवि की सारी अकड़ क्यों भाग भाई?

**ख.** खानपान के संदर्भ में मिश्रित संस्कृति का क्या तात्पर्य है? स्पष्ट करें!

**ग.** विदेशी महिलाओं ने नीलकंठ को **'परफेक्ट जैंटिलमैन'** की उपाधि क्यों दीं?

**घ.** 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?

## खंड-घ

**प्र.10-** किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए| 5

**क- मेरा प्रिय पक्षी** **ख- बरसात का एक दिन** **ग- गणतंत्र दिवस**

**प्र.11-** किसी एक विषय पर आकर्षक विज्ञापन बनाइए| 5

**क- मोबाइल फोन** **ख- स्मार्ट वाच** **ग- हेयर शैम्पू**

**प्र.12-** अपने मित्र को जन्मदिन पर शुभकामनाएँ देने के लिए एक पत्र लिखिए| 5

**या (or)**

रुपए मँगवाने के लिए अपने पिता जी को एक पत्र लिखिए|

---xxx---